राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

राजस्थान का वर्तमान मंत्रिमंडल

शिक्षा मंत्री | वित्त मंत्री | स्वास्थ्य मंत्री

कुल 24 मंत्री हैं राजस्थान में | सितम्बर 2025 तक

2 महिला मंत्री | 2 उपमुख्यमंत्री

4th grade| REET | VDO | 1st/2nd Grade | Rajasthan Police

मुख्य सचिव | मुख्य सचेतक

संगणक | राजस्थान पुलिस | RAS | जूनियर अकाउंटेंट

राजस्थान सरकार का नवीनतम मंत्रिपरिषद

- 200 विधानसभा सीटों में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को वोटिंग हुई थी. चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए गए थे. ,25 November 2023
- बीजेपी ने 115 सीटें पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस ने 69 सीटें ही जीतीं थीं. भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी.

➤ इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने 30 दिसम्बर को नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई , कुल 22 मंत्रियों मे शपथ ली. इनमें 12 कैबिनेट, 5 राज्य मंत्री और 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को शपथ दिलाई गई.

- मंत्रिपरिषद में 25 में 20 चेहरे ऐसे हैं, जो पहली बार मंत्री बने हैं. वहीं इनमें से 5 तो पहली बार विधायक बने हैं.
- भजनलाल मंत्रिपरिषद में डॉ किरोड़ीलाल मीणा, गजेंद्र सिंह खींवसर, मदन दिलावर, सुरेंद्रपाल टीटी और ओटाराम देवासी, 5 ऐसे विधायक हैं जो पहले भी मंत्री रहे हैं, बाकि सभी नए मंत्री हैं.
- सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को भजनलाल सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है. सुरेंद्र पाल सिंह चुनाव जीतने से पहले ही मंत्री
- नवनियुक्त मंत्रिमंडल में किरोड़ी लाल मीणा (72) सबसे उम्रदराज और अविनाश गहलोत (42) सबसे कम उम्र के हैं.
- उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, मंजू बाघमार सहित केवल 2 महिला विधायकों को भजनलाल सरकार में जगह मिली है।

★राजस्थान में मंत्रिपरिषद की संख्या 200 सदस्यीय राज्य विधानसभा में सीटों की कुल संख्या के 30 या 15% से अधिक नहीं हो सकती है

★11वें संविधान संशोधन 2003 के अनुसार राज्यों मे मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकत्तम संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । राजस्थान विधानसभा मे कुल सदस्य की संख्या 200 है।

★राजस्थान में मंत्रिपरिषद के सदस्यों की कुल संख्या अधिकत्तम 30 होगी । संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के अनुसार राज्यपाल, राज्य मंत्रिपरिषद को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएगा ।

राजस्थान की नवीनतम मंत्री परिषद :- 24 मंत्री है
वर्तमान में सुरेंद्र पाल सिंह टीटी इस्तीफा देने के बाद

3

12

4

5

6

total-24

1. भजनलाल शर्मा:- मुख्यमंत्री, राजस्थान

1. कार्मिक विभाग 2. आबकारी विभाग

3. गृह विभाग 4. आयोजना विभाग

5. सामान्य प्रशासन विभाग

6. निति निर्धारण प्रकोष्ठ- मुख्यमंत्री सचिवालय

7. सूचना एवं जन संपर्क विभाग

8. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

विधायक:- सांगानेर विधानसभा क्षेत्र

- ★ भजनलाल शर्मा राजस्थान के क्रमश: 26वें और व्यक्तिगत 14वें मुख्यमंत्री
- ★ 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ
- ★ ♦ सांगानेर से विधायक बने भजनलाल शर्मा मूल रूप से अटारी, तहसील नदबई, जिला भरतपुर के निवासी है।

2. दीया कुमारी:- उपमुख्यमंत्री

1. वित्त विभाग
2. पर्यटन विभाग
3. कला,साहित्य,संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग
4. सार्वजनिक निर्माण विभाग
5. महिला एवं बाल विकास विभाग
6. बाल अधिकारिता विभाग

विधायक:- विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र

राजस्थान की 6th उपमुख्यमंत्री

3. प्रेमचंद बैरवा:- उपमुख्यमंत्री

1. तकनीकी शिक्षा विभाग
2. उच्च शिक्षा विभाग
3. आयुर्वेद,योग,प्राकृतिक चिकित्सा,यूनानी सिद्धा एवं होम्योपैथी(आयुष) विभाग
4. परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग

विधायक:- दूदू विधानसभा क्षेत्र

♦️ **भाजपा के प्रेमचंद बैरवा राजस्थान के नवनिर्वाचित 7वें उप मुख्यमंत्री हैं.**

4. किरोड़ी लाल मीणा:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- सवाईमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र

1. कृषि एवं उद्यानिकी विभाग
2. ग्रामीण विकास विभाग
3. आपदा प्रबंधन,सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग
4. जन अभियोग निराकरण विभागविभाग

★ विधायकी के चुनाव से पहले यह राज्यसभा सांसद थे. राजनीति करियर देखे तो अब तक 5 बार विधायक, दो बार लोकसभा सांसद और एक बार राज्यसभा सांसद रहे हैं.

5. गजेंद्र सिंह खींवसर :- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- लोहावट, जोधपुर विधानसभा क्षेत्र

1. चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग
2. चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई)

★ इससे पहले वसुंधरा सरकार में भी दो बार मंत्री रहे हैं. 2003 में ऊर्जा राज्य मंत्री, 2013 में उद्योग मंत्री रहे हैं.

6. राज्यवर्धन सिंह राठौड़:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- झोटवाड़ा (जयपुर) विधानसभा क्षेत्र

1. उद्योग और वाणिज्य विभाग
2. सूचना,प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग
3. युवा मामले और खेल विभाग
4. कौशल,नियोजन एवं उद्यमिता विभाग
5. सैनिक कल्याण विभाग

⋆ इससे पहले सेना में कर्नल रहे हैं. ओलंपिक पदक जीत चुके हैं. दो बार लोकसभा के सांसद रहे हैं, एक बार मोदी कैबिनेट में मिनिस्टर रहे हैं. राजपूत नेता के तौर पर उभरे हैं.

7. बाबूलाल खराड़ी:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- झाड़ोल (उदयपुर) विधानसभा क्षेत्र

1. जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग
2. गृह रक्षा विभाग

★ तीसरी बार चुनाव जीतकर आए हैं, इससे पहले 2008 और 2018 में विधायक रहे. पहली बार कैबिनेट मंत्री बने हैं.

★ इन्हें पिछले कार्यकाल के लिए इन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक भी चुना गया.

8. मदन दिलावर :- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- रामगंज मंडी, कोटा विधानसभा क्षेत्र

1. विद्यालयी शिक्षा विभाग (स्कूल एजुकेशन)
2. पंचायती राज विभाग
3. संस्कृत शिक्षा विभाग

★ ये 2003 और 2008 में वसुंधरा सरकार में मिनिस्टर भी रहे.

9. जोगाराम पटेल:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- लूणी (जोधपुर) विधानसभा क्षेत्र

1. संसदीय कार्य विभाग
2. विधि एवं विधिक कार्य विभाग और परामर्शी कार्यालय
3. न्याय विभाग

★ इससे पहले 2004 में उपचुनाव जीता और संसदीय सचिव रहे. 2013 में चुनाव जीता लेकिन 2018 में चुनाव हार गए थे. अब पहली बार कैबिनेट मंत्री बन गए

10. सुरेश सिंह रावत:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- पुष्कर (अजमेर) विधानसभा क्षेत्र

1. जल संसाधन विभाग
2. जल संसाधन (आयोजना) विभाग

★ तीसरी बार विधायक बने हैं. वसुंधरा सरकार में संसदीय सचिव रहे हैं. एबीवीपी में जिलाध्यक्ष भी रहे हैं. अब पहली बार कैबिनेट मंत्री बने हैं.

11. अविनाश गहलोत:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- जैतारण (पाली) विधानसभा क्षेत्र

1. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

★ पहली बार 2018 में विधायक बने थे. अब भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है.

12. जोराराम कुमावत:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- सुमेरपुर (पाली) विधानसभा क्षेत्र

1. पशुपालन एवं डेयरी विभाग
2. गोपालन विभाग
3. देवस्थान विभाग

★ये भजनलाल कैबिनेट में सबसे कम 7 वीं कक्षा पास मंत्री हैं. दूसरी बार विधायक बने हैं. कुम्हार समाज से आते हैं. पहली बार कैबिनेट मंत्री बने हैं.

13. हेमन्त मीणा:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र

1. राजस्व विभाग
2. उपनिवेशन विभाग

★ 44 वर्ष के हेमंत प्रतापगढ़ से पहली बार विधायक चुने गए हैं. इससे पहले 2018 में चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे.

★ राजनीतिक परिवार से आते हैं, मेवाड़ के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री नंदलाल मीणा के बेटे हैं. नंदलाल इस सीट पर 7 बार विधायक रहे हैं.

★ अब इन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है.

14. कन्हैयालाल चौधरी:- कैबिनेट मंत्री



विधायक:- मालपुरा (टोंक) विधानसभा क्षेत्र

1. जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
2. भू-जल विभाग

★54 साल के हैं, 2013 में अब तक विधायक बनते आ रहे हैं.

★ संघ में अच्छी पकड़ रखते हैं. पहली बार कैबिनेट मंत्री बने हैं.

15. सुमित गोदारा:- कैबिनेट मंत्री

विधायक:- लूणकरणसर (बीकानेर) विधानसभा क्षेत्र

1. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग
2. उपभोक्ता मामले विभाग

★बीजेपी में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं. पहली बार कैबिनेट मंत्री बने हैं.

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) :- 4

16. संजय शर्मा:- राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)

विधायक:- अलवर विधानसभा क्षेत्र

1. वन विभाग
2. पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
3. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

★ इससे पहले 2018 में विधायक रहे हैं. अलवर में भाजपा जिलाध्यक्ष रहे हैं. संघ से जुड़े हैं.

17. गौतम कुमार दक :- राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)

विधायक:- बड़ी सादड़ी (चितौड़गढ़) विधानसभा क्षेत्र

1. सहकारिता विभाग
2. नागरिक उड्डयन विभाग

★ 45 साल के गौतम 2013 में पहली बार विधायक बने थे. लेकिन 2018 में इनका टिकट काटा गया. अब फिर से 2023 में बड़ी सादड़ी से जीतकर आए हैं.

18. झाबर सिंह खर्रा:- राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)

विधायक:- श्री माधोपुर (सीकर) विधानसभा क्षेत्र

1. नगरीय विकास विभाग
2. स्वायत्त शासन विभाग

★ शेखावटी से आने वाले झाबर सिंह 67 साल के हैं, 2018 में चुनाव हार गए थे. इस बार जीते हैं, प्रधान भी रह चुके हैं.

19. सुरेंद्र पाल सिंह टीटी:- राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)

विधायक:- श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी BJP इन्होंने इस्तीफा दिया ये चुनाव हार गए

1. कृषि विपणन विभाग
2. कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग
3. इंदिरा गाँधी नहर विभाग
4. अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग

★ 71 साल के सुरेंद्रपाल श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर) से 3 बार विधायक रहे हैं. ये रेलवे में टीटी की नौकर कर चुके हैं. इससे पहले वसुंधरा सरकार में दो बार मंत्री रहे हैं.

20. हीरालाल नागर:- राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)

विधायक:- सांगोद (कोटा) विधानसभा क्षेत्र

1. ऊर्जा विभाग

★63 वर्ष के हीरालाल 2013 और 2018 में चुनाव हार चुके हैं. इस बार सांगोद (कोटा) से चुनाव जीतकर आए हैं. पहली बार मंत्री बने हैं.

राज्यमंत्री:-05

21. ओटाराम देवासी:- राज्य मंत्री

विधायक:- सिरोही विधानसभा क्षेत्र

1. पंचायती राज विभाग
2. ग्रामीण विकास विभाग
3. आपदा प्रबंधन,सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग

★58 साल के देवासी सिरोही से संयम लोढ़ा को हराकर आए है. 2013 में विधायक रहे हैं. इससे पहले वसुंधरा सरकार में गोपालन मंत्री रहे हैं.

22. डॉ मंजू बाघमार:- राज्य मंत्री

विधायक:- जायल (नागौर) विधानसभा क्षेत्र

1. सार्वजनिक निर्माण विभाग
2. महिला एवं बाल विकास विभाग
3. बाल अधिकारिता विभाग

★ 52 वर्षीय मंजू भजनलाल कैबिनेट की सबसे शिक्षित मंत्री हैं. इन्होंने पीएचडी किया है. अब पहली बार मंत्री बनी हैं.

★ इससे पहले नागौर की जिलाध्यक्ष भी रही हैं. 2013 में पहली बार विधायक बनी थी.

23. विजय सिंह चौधरी:- राज्य मंत्री

विधायक:- नावां (नागौर) विधानसभा क्षेत्र

1. राजस्व विभाग
2. उपनिवेशन विभाग
3. सैनिक कल्याण विभाग

★ 53 साल के विजय सिंह नावां (नागौर) से विधायक बने हैं. इनके पिता रामेश्वर लाल चौधरी कांग्रेस के 4 बार विधायक रहे हैं. अब पहली बार मंत्री पद मिला है.

24. कृष्ण कुमार बिश्नोई:-राज्य मंत्री

विधायक:- गुड़ामालानी (बाड़मेर) विधानसभा क्षेत्र

1. उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
2. युवा मामले एवं खेल विभाग
3. कौशल,नियोजन एवं उद्यमिता विभाग
4. निति निर्धारण विभाग

★ 46 साल के के विश्नोई हैं. लंबे समय से भाजपा में काम कर रहे थे. अब पहली बार मंत्री बने हैं.

25. जवाहर सिंह बेढम:- राज्य मंत्री

विधायक:- नगर (भरतपुर) विधानसभा क्षेत्र

1. गृह विभाग
2. गोपालन विभाग
3. पशुपालन एवं डेयरी विभाग
4. मत्स्य विभाग

★ 55 वर्ष के बेढ़म करीब 25 वर्ष से राजनीति क्षेत्र से जुड़े हैं. 2013 में डांग विकास बोर्ड के अध्यक्ष रहे हैं.